
# अध्याय 11


# मापन

**अधिगम बिन्दु–** • तुलना करना (दो से अधिक वस्तुओं की लम्बाई के आधार पर तुलना) • असमान अमानक इकाई के प्रयोग से लम्बाई का मापन (बालिश्त, हाथ व कदम आदि)


हमने पिछली कक्षा में क्या है लम्बा, क्या है छोटा का अध्ययन किया है।


**चित्र को देख कर लम्बे पर सही ( ✓ ) का चिह्न लगाइए।**





**छोटे पर सही ( ✓ ) का चिह्न लगाइए।**








[redacted]

## लम्बाई की तुलना

शिक्षक ने कक्षा के कुछ बच्चों को अपने–अपने बैग से पेंसिल निकाल कर टेबल पर रखने को कहा।




## चित्र देखकर बताइए –


- किसकी पेंसिल सबसे लम्बी है ? .......................................
- किसकी पेंसिल सबसे छोटी है ? .......................................
- पायल की पेंसिल राजू की पेंसिल से ......................... है? लेकिन कबीर की पेंसिल से .................... है।
- करीना की पेंसिल दीनू की पेंसिल से ......................... है? लेकिन पायल की पेंसिल से .................... है।



[redacted]

## किसकी पेन्सिल कौनसी

पेंसिलों को छोटे से बड़े क्रम में जमाया है। छात्र का नाम लिखिए–




दीनू , ..................., ..................., ..................., ...................


## असमान–अमानक इकाई से लम्बाई मापन

पुराने समय में शारीरिक भाग अंगुलियों, बालिश्त, हाथ एवं कदम का उपयोग लेकर लम्बाई का मापन करते थे। आओ इसका अध्ययन करते हैं।

लम्बाई मापन की असमान–अमानक इकाई



यह पुस्तक 10 अंगुल है।




यह टेबल 3 बालिश्त है।


शिक्षक इसी प्रकार और अन्य सामग्री लेकर छात्रों को अभ्यास करावें।



[redacted]




विद्यालय का बरामदा चालीस कदम लम्बा है।



यह रस्सी 15 हाथ लम्बी है।

शिक्षक इसी प्रकार और आस–पास के उदाहरण लेकर छात्रों को अभ्यास करावें।

50 49 48 47 46 45 44 43 42 41 40 39 38 37 36

26 27 28 29 30 31 32 33 34 35



[redacted]

## कैसे नापे

आप पढ़कर बताएं कि इनमें से नीचे कुछ वस्तुओं के नाम दिए गए हैं। आप किस को किस किस से नाप सकते हैं। सही ( ✓ ) का चिह्न लगाए।

| वस्तुओं के नाम | अँगुलियों से | बालिश्त से | हाथ से | कदम से |
|---|---|---|---|---|
| पेंसिल | ✓ | ✓ | X | X |
| बॉक्स | | | | |
| टेबल | | | | |
| दरवाजा | | | | |
| ब्लैक बॉर्ड | | | | |
| बरामदा | | | | |
| पुस्तक | | | | |
| आलमारी | | | | |

यदि कमरे की लम्बाई मापनी है तो आप किससे नापेंगे .............

यदि कमरे की दीवार को नापना हो तो आप किससे नापेंगे .................







[redacted]

## इसका अभ्यास करें

आपकी गणित पुस्तक की लम्बाई ........... है।

कक्षा के ब्लेक बोर्ड की लम्बाई .......... है।

## अंदाज़ा लगाइए एवं नाप कर तालिका में भरिए

| वस्तु का नाम | अंदाजे से नाप | नापने का परिणाम |
|---|---|---|
|  माचिस | ........... उँगलियाँ | ........... उँगलियाँ |
| किताब  | ........... बालिश्त<br>...........उँगलियाँ | ........... बालिश्त<br>...........उँगलियाँ |
|  बेंच | ........... बालिश्त | ........... बालिश्त |
| एक कमरे से दूसरे कमरे के बीच की दूरी | ........... कदम | ........... कदम |
| घंटी का डण्डा | ........... बालिश्त | ........... बालिश्त |
| बरामदे की लम्बाई | ........... कदम | ........... कदम |

शिक्षक इसी प्रकार छात्रों को और उदाहरण देकर नापने का अभ्यास करावें।



[redacted]